कार्यालय आयुक्त/पदेन सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थानसमिति
(भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित)
ब्लॉक 4 डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर
website - eklavya.cg.nic.in ☎ - 2263708 Fax - 2262558 E mail - eklavya.ctd@gmail.com

क्रमांक/File No.:STU/183/2026/Comp. No.:380430 नवा रायपुर, दिनांक 07/07/2026

शिक्षण सत्र 2026–27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश के लिये काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि किये जाने संबंधी सूचना

---000---

शिक्षण सत्र 2026–27 में प्रदेश में संचालित 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा–6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाकर प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया के तहत काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों की सूची, ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि, काउंसलिंग केन्द्र इत्यादि का विस्तृत विवरण वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in पर उपलब्ध करायी गयी है।

शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों के अभिभावाकों द्वारा पुनः पोर्टल प्रारंभ किये जाने का अनुरोध संबंधित संस्था में किया जा रहा है।

अतः अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के काउंसलिंग को दृष्टिगत रखते हुये प्रथम चरण की काउंसलिंग हेतु जारी मेरिट सूची के आधार पर **दिनांक 08.07.2026 एवं 09.07.2026** को ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि की जाती है।

शिक्षण सत्र 2026–27 में कक्षा–6वीं में प्रवेश के लिये काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वेब पोर्टल https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन कर ऑनलाईन काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची (मार्कशीट), मूल निवास प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र इत्यादि के साथ संबंधित काउंसलिंग केन्द्र में संपर्क कर दिनांक 08.07.2026 एवं 09.07.2026 को उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6वीं प्रवेश हेतु काउंसलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना वेबसाईट पर प्रदर्शित की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in का अवलोकन करते रहें।

(आयुक्त/पदेन सचिव द्वारा अनुमोदित)

Digitally signed by
K VISHWANATH REDDY
Date: 07-07-2026
17:11:19

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ, नवा रायपुर अटल नगर